कार्यालय निदेशक,माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर

कार्यालय–आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/माध्य/संस्था/बी–1,2/45001/उपप्राचार्य/डीपीसी/पदस्थापन/2022–2023/2023/ई–3945 दिनांक 01.05.2023 द्वारा उप प्राचार्य की वर्ष 2022–23 डीपीसी उपरान्त पदोन्नत होने वाले कार्मिकों के संबंध मे पदस्थापन आदेश जारी किये जाने से पूर्व शाला–दर्पण SDPMS (SHALA DARPAN POSTING MANAGEMENT SYSTEM) पर ऑनलाईन काउन्सलिंग प्रक्रिया के लिये कार्यक्रम निर्धारित किया गया था।

माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर के एस.बी. सिविल याचिका संख्या 7643/2022 अजय कुमार रोहिला व अन्य बनाम सरकार में पारित अन्तरिम आदेश दिनांक 05.05.2023 के द्वारा उप प्राचार्य पद पर पदस्थापन हेतु आयोजित काउन्सलिंग आगामी आदेशों तक रोकने के आदेश प्रसारित किये गये हैं। अतः निर्देशानुसार उप प्राचार्य की वर्ष 2022–23 डीपीसी उपरान्त पदोन्नत होने वाले कार्मिकों की ऑनलाईन काउन्सलिंग प्रक्रिया को माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर के आगामी आदेशों तक स्थगित किया जाता है।

सयुंक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

Rajasthan Education Department

क्रमांक शिविरा/माध्य/संस्था/बी–1,2/45001/उपप्राचार्य/डीपीसी/पदस्थापन/2022–2023/2023/ई–3945 दिनांक 12.05.2023

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु पालनार्थ :–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री (प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा) राजस्थान जयपुर।
2. विशिष्ट सहायक, माननीया शिक्षा राज्य मंत्री (प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा) राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा राजस्थान सरकार जयपुर।
4. संयुक्त शासन सचिव, शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग राजस्थान जयपुर।
5. परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
6. निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।
7. वरिष्ठ तकनीकि निदेशक, एनआईसी शिक्षा संकुल जयपुर।
8. समस्त संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा/समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी/समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक/प्रारंभिक शिक्षा/प्रधानाचार्य डाईट/संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ।
9. स्टॉफ ऑफिसर, निजी अनुभाग,निदेशक महोदय, कार्यालय हाजा
10. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्युटर अनुभाग कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशनार्थ।
11. अनुभाग अधिकारी शाला दर्पण अनुभाग कार्यालय हाजा।
12. रक्षित पत्रावली।

सयुंक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

Signature valid
Digitally signed by Arvind Kumar Vyas
Designation : Joint Director Personnel
Date: 2023.05.11 19:46:48 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 3822478